Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- बाड़मेर में आरोपी संजय कुमार मीणा पटवारी, पटवार मण्डल ईटादा, तहसील धनाऊ, बाड़मेर रिश्वत राशि 15,000/- रूपये लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, दिनांक 20 जुलाई, 2026। ए.सी.बी. मुख्यालय राज. जयपुर के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी बाड़मेर इकाई द्वारा कार्यवाही करते हुए आरोपी **संजयकुमार मीणा पटवारी, पटवार मण्डल ईटादा, तहसील धनाऊ, जिला बाड़मेर** को रिश्वती राशि **15,000/- रूपये** लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री गोविंद गुप्ता** ने बताया कि एसीबी चौकी बाड़मेर को एक शिकायत इस आशय की प्राप्त हुई थी कि आरोपी संजयकुमार मीणा पटवारी द्वारा परिवादी के नाम से ग्राम ईटादा में स्थित कृषि भूमि (खेत) में से दोनों भाईयों द्वारा भूमि कॉमर्शियल कन्वर्जन कराने के किये ऑनलाईन आवेदन पर तहसीलदार धनाऊ से मौका जांच कर रिपोर्ट हेतु पटवारी, हल्का ईटादा के नाम आदेश जारी करने के फलस्वरूप परिवादी व उसके भाई द्वारा कन्वर्ट करवाई जा रही भूमि का मौका निरीक्षण कर मौका रिपोर्ट पेश करने एंव कन्वर्जन की अग्रिम कार्यवाही में सहयोग करने की ऐवज में दिनांक 17.07.25026 को वक्त सत्यापन परिवादी से 20,000/- रूपये रिश्वत राशि की मांग कर इसमें से 5,000/- रू. प्राप्त कर शेष 15000/- रूपये आज लिया जाना तय किया गया।

जिस पर एसीबी रैन्ज जोधपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस श्री नारायण टोगस के सुपरवीजन में आज ए.सी.बी इकाई बाड़मेर **के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नरेन्द्र कुमार** व **श्री देवाराम निरीक्षक पुलिस** द्वारा एसीबी इकाई बाड़मेर के स्टाफ के साथ ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी संजयकुमार पटवारी, पटवार मण्डल ईटादा, तहसील धनाऊ, जिला बाड़मेर को परिवादी से रिश्वती राशि 15000/- रूपये लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया हैं।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव एवं महानिरीक्षक पुलिस श्रीमती एस. परिमला** के सुपरविजन में आरोपित पटवारी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी हैं। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की **टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 1064 एवं व्हाट्सएप हेल्पलाइन नम्बर 9413502834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी सहायता करेगी।